# बिहार सरकार
# समाहरणालय, सीवान
## महिला एवं बाल विकास निगम, सीवान।
(नोडल कार्यालय–जिला प्रोग्राम कार्यालय)

**विज्ञापन संख्याः–01/2026**

महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक–WCDC/2092/2023 दिनांक–27.09.2023 से प्राप्त मार्गदर्शिका एवं अन्य संगत दिशा निर्देश के आलोक में जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन, सीवान के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पद पर सुयोग्य अभ्यार्थियों से ई मेल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया जाता है जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पद की संख्या | कोटि | मूल मानदेय | योग्यता/अहर्त्ता |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | डाटा इन्ट्री ऑपरेटर (D.E.O) | 01 | अनारक्षित | 13,500/– | शैक्षणिक योग्यताः कम्प्यूटर/आई0टी0 में स्नातक।<br>अनुभवः डेटा प्रबंधन, प्रक्रिया दस्तावेजीकरण और वेब आधारित रिपोर्टिंग प्रारुप आदि में सरकारी/गैर सरकारी/आई0टी0 आधारित संगठनों के साथ 03 साल का अनुभव। |

शर्ते/अहर्त्ताः–

1. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होंगे।
2. उम्र सीमाः– विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु अनारक्षित वर्ग के पुरुष हेतु 37 वर्ष एवं अनारक्षित वर्ग की महिला हेतु 40 वर्ष होगी।
3. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रयोजन के लिए संदर्भ विज्ञापन की तिथि मान्य होगी।
4. कर्मियों को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPF और ESIC देय होगी।
5. संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो बिना पूर्व सूचना के या 15 दिनों के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात् सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएंगे न सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगे। उनका नियोजन हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन के अधीन होगा।
6. विभिन्न पदों पर नियोजन हेतु उम्मीदवार की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं अंतर्वीक्षा के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।
7. सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्य करने का कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
8. सरकारी/अर्द्ध सरकारी अथवा गैर सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।
9. चयन प्रक्रिया–निर्धारित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों में मेधा सूची के अनुसार साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना संबंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित ई–मेल आईडी एवं सीवान जिला के NIC वेबसाईट पर दी जाएगी। कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

10. महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के मार्गदर्शिका के आलोक में शैक्षणिक योग्यता हेतु अधिकतम 60 अंक, प्रासांगिक कार्य अनुभव से अधिक प्रत्येक अतिरिक्त कार्य अनुभव वर्ष के लिए 5 अंक, जो अधिकतम 15 अंक होगी तथा 25 अंक साक्षात्कार हेतु निर्धारित करते हुए अंतिम मेधा सूची का निर्माण किया जायेगा।

11. विज्ञापन एवं सेवा शर्तों से संबंधित सभी अधिकार जिला पदाधिकारी, सीवान के अधीन है। जिला पदाधिकारी, सीवान विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।

12. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करने हेतु विहित प्रपत्र में सीवान जिले के NIC वेबसाइट siwan.nic.in पर Notice Section (Recruitment) में जाकर विहित प्रपत्र डाउनलोड कर अपना आवेदन कर सकते हैं।

13. इच्छुक अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में भर कर (शैक्षणिक योग्यता, अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र/अंक पत्र की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज के साथ)

    ई मेल-**dhewvacancy@gmail.com** पर मेल के माध्यम से उपलब्ध कराएंगे। त्रुटि/गलत आवेदन को प्रथम दृष्टया निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे तथा अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य नहीं किए जायेंगे।

14. भरे हुए आवेदन का प्रिंटआउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे। कार्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

15. अभ्यर्थी विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु नियमित रूप से जिला के NIC वेबसाइट का अवलोकन करते रहेंगे।

(हस्ताक्षर) 14/6/24

जिला पदाधिकारी

सीवान

Scanned with OKEN Scanner

अनुलग्नक- 4

# आवेदन- प्रपत्र

1. आवेदित पद का नाम: ........................................ विज्ञापन संख्या- ........................
2. अभ्यर्थी का नाम: ........................................
3. जन्म तिथि : ........................................
4. माता का नाम: ........................................
5. पिता/ पति का नाम ........................................
6. आधार कार्ड नंबर ........................................
7. स्थायी आवास का पूरा पता (जिला के नाम के साथ): ........................................
........................................................................................
8. पत्राचार का पता: ........................................................................................
........................................................................................

स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो

9. श्रेणी: सामान्य ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐
अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य ☐
10. मोबाइल नंबर: ........................................
11. ई- मेल आईडी: ........................................
12. शैक्षणिक विवरणी: -

| क्र०स० | शिक्षा | विषय | उत्तीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक | | | | | |
| 2 | इंटर | | | | | |
| 3 | स्नातक (प्रतिष्ठा का विषय) | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 5 | पीएचडी / अन्य | | | | | |
| 6 | कंप्यूटर योग्यता | | | | | |
| 7 | व्यवसायिक प्रशिक्षण | | | | | |
| 8 | अन्य | | | | | |

13. कार्य अनुभव :-

| क्र०स० | संस्थान का नाम | पदनाम | कार्य अवधि वर्ष / माह / दिन | कार्य विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

14. संलग्न किये गये कागजातों की सूची:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | |
| 3 | | 4 | |
| 5 | | 6 | |
| 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | |

घोषणा:- उपरोक्त सभी सूचनाएँ मेरे जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कभी कोई प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मैं स्वंय जिम्मेवार रहूँगी एवं मेरे विरुद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांक

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर